# राजस्थान करंट अफेयर्स 2025

**17 November 2025**



GK Search Engine
SUBSCRIBE
Follow us:




Praveen Kumar Sharma

GK Search Engine



# Rajasthan Current Affairs

## by GK Search Engine

GET IT ON Google Play

Download App

GK Search Engine

GK Search Engine

GK Search Engine

Yesterday, Quiz:

## Q. राजस्थान की बारां जिले की अंता विधानसभा उपचुनाव में किसने जीत हासिल की है?

(A) मोरपाल सुमन

(B) प्रमोद जैन भाया

(C) नरेश मीणा

(D) इनमें से कोई नही

*राजस्थान की बारां जिले की अंता विधानसभा उपचुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी प्रमोद जैन भाया ने बंपर जीत हासिल की है. उन्होंने बीजेपी के मोरपाल सुमन को 15,612 मतों से मात दी है.*

- *कांग्रेस - प्रमोद जैन भाया - 69,571 वोट*
- *भाजपा - मोरपाल सुमन - 53959 वोट*
- *निर्दलीय - नरेश मीणा - 53800 वोट*
- *इस सीट पर यह उपचुनाव इसलिए कराया गया था क्योंकि बीजेपी विधायक कंवर लाल मीणा को एक आपराधिक मामले में दोषी करार देने के बाद अयोग्य घोषित कर दिया गया था.*

**01. हाल ही में राजस्थानी भाषा के लिए साहित्य अकादमी बाल साहित्य पुरस्कार 2025 से किसे नवाजा गया है?**

(A) अजय कुमार झा

**(B) भोगीलाल पाटीदार**

(C) सवाई सिंह चौहान

(D) इनमें से कोई नहीं



**Important Facts:**

## साहित्य अकादमी बाल साहित्य पुरस्कार 2025

- आयोजन तिथि – 14 नवंबर 2025
- स्थान – त्रिवेणी सभागार, तानसेन मार्ग, नई दिल्ली
- आयोजन संस्था – साहित्य अकादमी

राजस्थानी भाषा के पुरस्कार विजेता:

- राजस्थानी – “पंखेरुव नी पीड़ा” (नाटक)
- लेखक – भोगीलाल पाटीदार (बांसवाड़ा)

हिंदी – “एक बटे बारह” (नॉन-फिक्शन/संस्मरण) – सुशील शुक्ला

**02. प्रवासी राजस्थानी दिवस (10 दिसंबर) के क्रम में आयोजित होने वाली प्री-समिट 27 नवंबर को कहाँ आयोजित की जा रही है?**

(A) उदयपुर

(B) जोधपुर

(C) जयपुर

(D) कोटा

SEARCH ENGINE

**Important Facts:**

- राजस्थान के पर्यटन विभाग द्वारा प्रवासी राजस्थानी दिवस (10 दिसम्बर) के क्रम में एक प्री-समिट का आयोजन किया जा रहा है।
- यह कार्यक्रम जयपुर में 27 नवम्बर को होगा, जिसमें मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा भी शामिल होंगे।
- पर्यटन विभाग की प्री-समिट में दो सत्र आयोजित किए जाएंगे।
- पहले सत्र में 'राजस्थान ए ईयर-राउण्ड टूरिस्ट डेस्टिनेशन' और दूसरे सत्र में 'राजस्थान राइजिंग - बिल्डिंग इंडियाज प्रीमियर एडवेंचर टूरिज्म डेस्टिनेशन' विषय पर विशेषज्ञों द्वारा पर्यटन से जुड़े विभिन्न विषयों पर चर्चा की जाएगी।

**03. मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम–2026 में ऑनलाइन गणना फॉर्म भरने में देशभर में प्रथम स्थान किस राज्य ने प्राप्त किया है?**

(A) महाराष्ट्र

(B) उत्तर प्रदेश

(C) राजस्थान

(D) हरियाणा

**Important Facts:**

- राजस्थान में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम-2026 अंतर्गत अब पूरा ध्यान गणना प्रपत्रों के डिजिटाइजेशन पर लगाया जा रहा है।
- ऑनलाइन गणना फॉर्म भरने में राजस्थान देश भर में सबसे आगे हैं। विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम-2026 के तहत 12 राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों के कुल ऑनलाइन फॉर्म का 55% अकेले राजस्थान से है। प्रदेश में अब तक 1.33 लाख फॉर्म्स ऑनलाइन भरे जा चुके हैं।
- राज्य के उत्तरी जिले हनुमानगढ़ और श्रीगंगानगर ऑनलाइन फॉर्म भरे जाने में सबसे आगे हैं,
- मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि भरे हुए प्रपत्रों को डिजिटल स्वरूप में दर्ज करने की प्रक्रिया लगातार तेज हो रही है। अब तक 95 लाख गणना फॉर्म ईसीआईनेट पर अपलोड किए जा चुके हैं।

04. देश के कुल शहद उत्पादन में राजस्थान का लगभग कितना प्रतिशत योगदान है?

(A) 5%

(B) 7%

(C) 9%

(D) 12%

**Important Facts:**

- शहद उत्पादन में राजस्थान देश में 5वे स्थान पर
- राजस्थान में देश के कुल शहद उत्पादन का 9% योगदान है।
- उत्तर प्रदेश, पंजाब, हरियाणा और बिहार के बाद राजस्थान शहद उत्पादन में देश में पांच स्थान पर है।
- राजस्थान में सर्वाधिक शहद उत्पादन करने वाले जिले - अलवर, भरतपुर, हनुमानगढ़
- टोंक एवं भरतपुर जिलों में मधुमक्खी पालन के लिए उत्कृष्ट के अंदर स्थापित किया जा रहे हैं।

**05. भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती पर राज्य स्तरीय जनजातीय गौरव दिवस समारोह 15 नवंबर 2025 को राजस्थान के किस जिले में आयोजित हुआ?**

(A) बांसवाड़ा

(B) उदयपुर

(C) डूंगरपुर

(D) प्रतापगढ़



**Important Facts:**

- भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती पर 15 नवंबर 2025 को राजस्थान के डूंगरपुर में राज्य स्तरीय जनजातीय गौरव दिवस समारोह आयोजित हुआ
- मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा ने डूंगरपुर के श्री भोगीलाल राजकीय महाविद्यालय में भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती पर आयोजित राज्य स्तरीय जनजातीय गौरव दिवस समारोह में 87 करोड़ रुपये के विकास कार्यों का लोकार्पण और शिलान्यास किया।
- सौंध माटी आदि धरोहर प्रलेखन योजना की शुरुआत की और जनजातीय योजना, साहित्य से जुड़ी दो पत्रिकाओं का विमोचन किया।
- 15 नवंबर 1875 को झारखंड के उलिहातु गांव में जन्मे भगवान बिरसा मुंडा ने अल्पायु में ही अन्याय और शोषण के विरुद्ध संघर्ष का बिगुल बजा दिया।प्रधानमंत्री मोदी ने 2021 से हर वर्ष 15 नवंबर को जनजातीय गौरव दिवस के रूप में मनाने की शुरुआत की।

**06. राजस्थान में वैदिक गुरुकुल और वैदिक पर्यटन केंद्र किन-किन शहरों में विकसित किए जा रहे हैं?**

(A) जयपुर, कोटा, बीकानेर

(B) उदयपुर, जयपुर, जोधपुर

(C) अजमेर, उदयपुर, अलवर

(D) जोधपुर, भरतपुर, उदयपुर

**Important Facts:**

- राजस्थान में उदयपुर, जयपुर और जोधपुर में वैदिक गुरुकुल और वैदिक पर्यटन केंद्र विकसित किए जा रहे हैं, जो भविष्य में वैदिक शिक्षा और भारतीय संस्कृति के प्रमुख आकर्षण बनेंगे।
- इन केंद्रों का संचालन पूरी तरह वैदिक परंपरा के अनुरूप होगा और यहां वही प्रशिक्षित व्यक्ति नियुक्त होंगे, जिन्हें वेदों व संस्कृत परंपराओं का गहन ज्ञान हो।
- जोधपुर के थबूकड़ा, उदयपुर के सायरा (तरपाल) में भूमि आवंटित की जा चुकी है,
- संस्कृत शिक्षा के प्रोत्साहन को लेकर राजस्थान में चार संभागों- जयपुर, जोधपुर, अजमेर और भरतपुर में आदर्श वेद विद्यालय शुरू हो चुके हैं, जबकि उदयपुर सहित शेष तीन संभागों में 1 अप्रैल से कक्षाएं प्रारंभ हो जाएंगी।

07. हाल ही में देश का सबसे तेज रेलवे टेस्ट ट्रैक राजस्थान के किस शहर में तैयार किया जा रहा है?

(A) जोधपुर

(B) जयपुर

(C) अलवर

(D) इनमें से कोई नहीं

GK Search Engine SUBSCRIBE Follow us:

**Important Facts:**

- राजस्थान की राजधानी और पिंक सिटी के नाम मशहूर जयपुर में देश का सबसे तेज रेलवे ट्रैक तैयार किया जा रहा है
- ये भारत का पहला हाई-स्पीड रेलवे टेस्ट ट्रैक होगा, जिसका निर्माण राजस्थान में किया जा रहा है. यह ट्रैक जयपुर-जोधपुर रेलमार्ग पर गुड़ा-ठठाना मीडी क्षेत्र में तैयार किया जा रहा है.
- यह रेलवे ट्रैक खासतौर पर ट्रेनों की हाई-स्पीड की टेस्टिंग के लिए बनाया जा रहा है. इस ट्रैक पर ट्रेनों की अधिकतम गति, स्थिरता और सुरक्षा की जांच की जाएगी.
- इस ट्रैक को तैयार करने में रेलवे के 967 करोड़ रुपये खर्च होंगे.
- इस ट्रैक पर ट्रेनें 220 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से दौड़ सकती हैं.

**08. राजस्थान में Dedicated Thalassemia Centre की स्थापना कहां की जाएगी?**

(A) RUHS

(B) आयुष्मान केंद्र

(C) RIMS

(D) इनमें से कोई नही

GK Search Engine
SUBSCRIBE Follow us:

**Important Facts:**

- थैलेसीमिया रोग से पीड़ित बच्चों के उपचार हेतु अत्याधुनिक सुविधाओं युक्त Dedicated Thalassemia Centre की स्थापना राजस्थान इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज (RIMS) में की जायेगी।
- साथ ही, थैलेसीमिया की रोकथाम हेतु बचाव एवं नियंत्रण कार्यक्रम चलाया जाना प्रस्तावित है।

थैलेसीमिया एक वंशानुगत, आजीवन विकार है जो ऑक्सीजन का परिवहन करने वाली लाल रक्त कोशिकाओं के विकास और स्वास्थ्य को प्रभावित करता है।

**09. UNESCO द्वारा लखनऊ को किस श्रेणी में 'Creative City' का दर्जा प्रदान किया गया है?**

(A) क्रिएटिव सिटी ऑफ म्यूज़िक

(B) क्रिएटिव सिटी ऑफ लिटरेचर

(C) क्रिएटिव सिटी ऑफ आर्ट्स

(D) क्रिएटिव सिटी ऑफ गैस्ट्रोनॉमी

**Important Facts:**

- लखनऊ को उज़्बेकिस्तान के समरकंद में आयोजित UNESCO महासम्मेलन (43वें सत्र) के दौरान क्रिएटिव सिटी ऑफ गैस्ट्रोनॉमी का दर्जा प्रदान किया गया।
- शामिल किये जाने के कारण: यह मान्यता लखनऊ की समृद्ध अवधी व्यंजन परंपरा (जैसे कबाब, बिरयानी, कोरमा और शीरमाल) को सम्मानित करती है, जो शहर की खानपान कला, आतिथ्य और सांस्कृतिक विरासत को दर्शाती है।
- लखनऊ इस गौरव को प्राप्त करने वाला हैदराबाद (2019) के बाद भारत का दूसरा शहर बन गया है।
- UCCN नेटवर्क: वर्तमान में 100 से अधिक देशों के 408 शहर इस नेटवर्क का हिस्सा हैं।

**10. हाल ही में निपुण भारत मिशन की शुरुआत कब की गई?**

(A) 15 सितंबर 2025

(B) 30 अक्टूबर 2025

(C) 10 नवंबर 2025

(D) 5 दिसंबर 2025

GK Search Engine SUBSCRIBE Follow us:

**Important Facts:**

- निपुण भारत मिशन
- शुरूआत - 30 अक्टूबर 2025
- प्राथमिक शिक्षा के सुदृढीकरण के लिए की गई है निपुण भारत मिशन की शुरूआत।
- राष्ट्रीय स्तर पर मूलभूत साक्षरता एवं संख्या ज्ञान के लक्ष्यों को सत्र 2026-27 तक कक्षा-2 तक के बालक-बालिकाओं में FLN कौशल हासिल करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया।

**Today, Quiz:**

**Q. देश का पहला संयुक्त विधि एवं प्रौद्योगिकी केंद्र कहाँ स्थापित किया जाएगा?**

(A) दिल्ली

(B) जोधपुर

(C) मुंबई

(D) चेन्नई

**राजस्थान करंट अफेयर्स 2025 Exam Booster Course**

GK Search Engine Mobile App

🔷🔷🔷🔷🔷🔷🔷🔷🔷🔷🔷

💠क्या मिलेगा? 👇👇👇👇

✅ जनवरी से दिसम्बर 2025 राजस्थान करंट अफेयर्स व्याख्या सहित (प्रतिमाह अपडेट होगा)

🎯 2024 का पूरा राजस्थान करंट अफेयर्स (व्याख्या सहित 1000+ Question)

🔲 अन्य महत्वपूर्ण परीक्षा की दृष्टि से महत्वपूर्ण Ebook

👇👇👇👇👇👇👇👇👇👇👇👇👇

https://www.gksearchengine.in/courses/616266



Today for tomorrow

GK Search Engine

SUBSCRIBE NOW

PRESS BELL ICON

Like

Share

FOLLOW ON INSTAGRAM

FOLLOW ON FACEBOOK

JOIN US ON TELEGRAM

GK Search Engine

GK Search Engine

GK Search Engine